संक्षिप्त समाचार

टैगोर पब्लिक स्कूल में मनाया कारगिल विजय दिवस

सीमा सन्देश संवाददाता

सूरजगढ़। सीबीएसई संस्थान टैगोर पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। प्राचार्य रणधीर सिंह एवं उप प्राचार्य बलवान भास्कर ने बताया कि विद्यालय कोर्डिनेटर मोनिका दड़िया के निर्देशन में हुई इस प्रार्थना सभा में भाग्यश्री, अविका, श्रद्धा वर्मा ने अपने वक्तव्य एवं देश भक्ति कविताओं के माध्यम से कारगिल में हुए भीषण युद्ध पर प्रकाश डाला। विद्यालय के अध्यापक अमित सांगवान एवं अध्यापिका सुनिता चौधरी ने 1999 में हुए कारगिल के भीषण युद्ध की पृष्ठभूमि एवं ऑपरेशन विजय की सफलता के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों को कारगिल के हीरो कैप्टन विक्रम बत्रा एवं अन्य जवानों एवं सिपाहियों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। विद्यालय मैनेजिंग डायरेक्टर दीक्षा तन्मय अहलावत ने सभी विद्यार्थियों को भारतीय सेवा के नौजवानों से प्रेरणा लेने एवं उनके पदचिह्नों पर चलने के लिए प्रेरित किया एवं विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि उन्हें विपरित परिस्थितियों में कभी भी साहस नहीं खोना है। जिस तरह से कारगिल युद्ध के समय हमारे जांबाज सिपाहियों ने अपना शौर्य, पराक्रम एवं अदम्य साहस बरकरार रखा था, उसी प्रकार उन्हें भी अपने मार्ग से विरक्त नहीं होना है। इस अवसर पर संतोष सिवानीवाल, रोशनलाल सैन, बलबीर बिजारणियां सहित समस्त टैगोर ग्रुप के सदस्य उपस्थित रहे।

मा वाउचर योजना को लेकर बैठक का आयोजन

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। मा वाउचर योजना को लेकर शुक्रवार को सीएमएस सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बीसीएमओ एवं सोनोग्राफी सेंटर्स मालिकों को बुलाकर मा वाउचर योजना से गर्भवती महिलाओं को लाभ देने की प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि मा वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को एक वाउचर दिया जाएगा। जिसके माध्यम से वह अपनी सोनोग्राफी की जांच अपने नजदीकी सोनोग्राफी सेंटर पर निशुल्क करवा सकेंगी। योजना की क्रियान्वयन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं मीटिंग में प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाया गया।

शिविर का 285 लोगों ने लाभ उठाया

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनूं एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित होने वाला निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला में संपन्न हुआ। शिविर में 285 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गोड़, प्रदीप शुक्ला, रमेशचंद्र शर्मा, ओमप्रकाश ककरानिया, मुबारक अली पहाड़ियान, जयप्रकाश शर्मा, अशोक शर्मा, लाला टेलर एवं काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स की टीम उपस्थित रहे।

महावीर इंटरनेशनल जोन सीकर झुंझुनूं टीम का केंद्रों में दौरा

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। महावीर इंटरनेशनल सीकर झुंझुनूं जोन के पदाधिकारियों द्वारा खेतड़ी, सिंघाना, कॉपर, चिड़ावा, बगड़ व इस्लामपुर केंद्रों का दौरा किया गया। इन केंद्रों में गोल्डन जुबली वर्ष पर ऐतिहासिक कार्य करने व अधिक से अधिक मेम्बर्स और बढाने के लिए प्रेरित किया। ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने व उनका पालन-पोषण करने के लिए कहा गया। भविष्य में पेड़ों के बिना जीवन अधूरा है। पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल अपेक्स की मुहिम कपड़े की थैली मेरी सहेली पोस्टर का विमोचन कर लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार कर कपड़े के थैले काम में लेने की शपथ दिलाई। सिंघानिया यूनिवर्सिटी में एक पुस्तक विमोचन में शामिल हुए। उपरोक्त कार्यक्रम में जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रमेश कुमार जांगिड़ व सुरेश डागर शामिल रहे।

सहभागी राजपूत परिवार की बैठक

नवलगढ़। शहबाज खां(धोलू खां) चेलासी को न्याय दिलाने के लिए शुक्रवार को सहभागी राजपूत परिवार की बैठक इंजीनियर महावीर सिंह शेखावत के नेतृत्व में हुई। बैठक में कर्नल शोकत खां , राजेश सिंह शेखावत, सूबेदार मेजर मनवर खां , उम्मेद खां , सुल्तान खां , वाहिद खां , अजीज खां , अलीमु खां ,विजय सिंह , अब्दुल खां , नबील खां , शमशेर खां , अमीन खां , इब्राहिम पठान , इम्तियाज खां , नरेन्द्र सिंह शेखावत , शफीक खां , अरमान खां आदि मौजूद थे । इंजीनियर महावीर सिंह शेखावत ने बताया कि प्रशासन ने दुबारा पोस्टमार्टम, 302 धारा में चालान पेश करने , श्री सीमेंट में स्थायी नौकरी आदि सभी वायदों से मना कर दिया ।

विभिन्न संस्थाओं ने दी कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि

सीमा सन्देश संवाददाता

नवलगढ़। शहीद विजयपाल सिंह ढाका स्मारक पर कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर शहीदों को श्रदांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विजयपाल सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में शहीद के पिता नोरंगराम व शहीद के भाई रणजीत सिंह को फूलमाला, शॉल, साफा पहनाकर व प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ दयाशंकर जांगिड ने बताया कि कार्यक्रम अलायंस क्लब, संजीवनी, पूर्व फौजी संघ तथा प्रेरणा स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में मनाया और सैकड़ो लोगो ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में पूर्व अंतराष्ट्रीय सचिव डॉ अनिल कुमार शर्मा ने कविता के माध्यम से वीरो का सम्मान किया। पूर्व सैनिक कल्याण संस्था के सचिव रामलाल साखणिया ने शहीदों को श्रदांजलि देते हुए कारगिल युद्ध के बारे में बताया। लेफ्टिनेंट मनोज कुमार यादव जो कारगिल युद्ध मे शामिल थे उन्होने अपने संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम संयोजक डॉ जांगिड ने बताया कि यह हमारा गर्व है कि जिस धरती के हम निवासी है वो दुनिया में सबसे ज्यादा सैनिक देने वाली धरा है। इसी प्रकार देश की सेवा करते हुए सबसे ज्यादा शहीद इस धरती से शहीद हुए है। कारगिल युद्ध में करीब 527 सैनिक शहीद हुए थे। जिसमें से 60 राजस्थान के थे। अकेले झुंझुनूं जिले से 19 तथा सीकर व चूरू के सात सात कुल 33 शहीदों ने वीर गति प्राप्त की। कार्यकम में अलायंस क्लब के पूर्व मल्टीपल चेयरमैन मोहनलाल चूडीवाल, नगरपालिका उपाध्यक्ष व पूर्व प्रांतपाल कैलाश चोटिया, कांग्रेस झुझुनू जिला महिला अध्यक्ष, पूर्व प्रांतपाल व बाय सरंपच तारा पूनिया, पूर्व प्रांतपाल गंगाधर सिंह सुण्डा, मुरली मनोहर चोबदार, शीशराम डूडी, जगदीश प्रसाद जांगिड, जनार्दन घोडेला, ओमप्रकाश सैन, सुरेन्द्र ख्यालिया व क्लब अध्यक्ष अश्विनी कुमार महर्षि, सुहित पाडिया, मनोज रूनला, लियाकत बारूदगर व समिति के कप्तान बजरंग लाल बुरडक, कप्तान बीरबल सांखणिया, सुबेदार मूलचंद डूडी, सुबेदार महावीर सिंह दूत, सुबेदार रामावतार चैलासी, सुबेदार ताराचंद धायल, हवलदार शीशराम खीचड, सुबेदार मेजर सरदार सिंह, सुबेदार मेजर किशोरी लाल, हवलदार जयप्रकाश चलका आदि व संजीवनी के रामकुमार सिंह राठौड, राममोहन सेकसरिया, डॉ जगदीश प्रसाद कडवासरा, फूलचंद सैनी, ओमप्रकाश आर्य, पोदार कॉलेज के कमलेश सैनी अपनी टीम सहित तथा प्रेरणा स्कूल के अध्यापक विद्यार्थियों सहित उपस्थित रहे।

डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलंवतपुरा में मनाया कारगिल विजय दिवस

सीमा सन्देश संवाददाता

नवलगढ़। डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलंवतपुरा में शुक्रवार कारगिल शहीदों की याद में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 7 की छात्रा साक्षी ने बताया की 26 जुलाई 1999 को भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाते हुए विजय प्राप्त की।

इसी दिन की याद में हर वर्ष 26 जुलाई को हम कारगिल विजय दिवस मनाते हैं। अपने देश की सरहद को बचाने के लिए हमारे बहुत से सपूत शहीद भी हुए। ये भारतीयों वीरों का साहस ही था कि ऊँचाई पर बैठे दुश्मनों के भी दाँत खट्टे कर दिए। हर भारतीय में साहस व जुनून भरने का यह जीवंत उदाहरण है। कक्षा 5 की छात्रा जाह्नवी ने शहीदों के जीवन पर जोशपूर्ण कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर कारगिल में सैनिकों के शौर्य को दशार्ते हुए छात्रा मनस्वी, चारुल, यशस्वी, पल्लवी, तोयंतिका, जाह्नवी अग्रवाल, गिरिशा, हिमांशी, आराध्य, साक्षी कटारिया ने सीसीए प्रभारी स्वाती कुमावत एवं अध्यापिका प्रियंका, प्रिया के नेतृत्व में भावपूर्ण लघुनाटिका का मंचन किया। विद्यालय प्राचार्य इंदु सोनी ने सैनिकों के शौर्य को बतलाते हुए उनका सम्मान करने के लिए प्रेरित किया।

कारगिल दिवस पर पौधारोपण किया

सीमा सन्देश संवाददाता

नवलगढ़। कारगिल विजय दिवस की पच्चीसवीं वर्षगांठ पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के सचिव मोइनुदीन खान के नेतृत्व में बावड़ी गेट स्थित ईदगाह मस्जिद कब्रिस्तान में फलों, छायादार व फूलों के पौधे लगाए गए। इस अवसर कारगिल विजय शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान गिरधारी लाल सोनी, इकबाल बहलिम, ईदगाह मस्जिद कमेटी के खजांची असलम खान, पवन कुमार जाग्रत, लाकत खान मॉयल, हुसैन खान जोया, शकील हाथीखानी सहित लोगों ने पौधे लगाए।

पचरंगिया अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर हिंदी सेवी सम्मान से सम्मानित

सीमा सन्देश संवाददाता

चिड़ावा। विश्व की पांच हजार हस्तियों में शामिल रहे सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश पचरंगिया के सुपुत्र युवा लेखक और पत्रकार डॉ. चन्द्रमौलि पचरंगिया को नई दिल्ली एनडीएमसी कन्वेंशन हॉल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर हिंदी सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया। विश्व हिंदी परिषद की ओर से आयोजित सम्मेलन में डॉ. पचरंगिया को मिजोरम के महामहिम राज्यपाल कंभमपाठी हरि बाबू ने स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और अखिल भारतीय प्रचार टोली के प्रमुख रवि कुमार अय्यर, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मविभूषण, पद्मश्री आचार्य यार्लगड्डा लक्ष्मी प्रसाद, महासचिव विपिन कुमार, एनसीईआरटी निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी आदि भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER RSAMB DIV. HANUMAGARH
No: Rajkaj-9191083 Date :- 23/07/2024
NOTICE INVITING BID-02/2024-25
Bids for Remaining work of Vet Sub Centres (03 Nos) Bhograna, Nanau & Malasar of Nohar Area Distt Hanumangarh. Rs 38.60 Lakhs respectively are invited from interested Biders upto 6:00Pm of Dated 12.08.2024 other particulars of the bids may be visited on the procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in)** of the state and **http://agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb** departmental website.
UBN: AGM2425WSOB00186
Raj.Samwad/C/24/2835 **EXECUTIVE ENGINEER**

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR
No. NIT/2024-25/8346-59 निविदा सूचना /24-25 Date: 26.07.2024
निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों द्वारा पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद / ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है :

कार्य का विवरण	कुल अनुमानित लागत (रु.)	निविदा सूचना संख्या
Repair of Cement Concrete Road of Karauli-Hindaun-Mahwa Road Km.0/0 to Km. 65/293 (1) **UBNRRC2425WSOB00193**	**08.35 Lakh**	ई-084 24-25
Addl. work for SCJ, ACJM & ADJ-2 Court, Rajgarh. **(2)UBNRRC2425WSOB00195**	**08.92 Lakh**	
(1)Internal Electrical work at Gangwal Park, SMS Medical College, Jaipur.(2) AMC for repair & maintenance of RO & water cooler at Medical College, Karauli. (3) Refilling of Printer Accessories in HO. RSRDC Ltd.Jaipur: (4)LAN & CCTV related work at Matsya University, Alwar. (04 works) **(1) UBNRRC2425WSOB00197 (2) RRC2425SSOB00199 (3) RRC2425SSOB00200 (4) RRC2425WSOB00198**	**19.51 Lakh**	086 24-25

निविदा प्रपत्र, शुल्क, धरोहर राशि, निविदा बेचने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट **http://roads.rajasthan.gov.in** एवं **http://sppp.rajasthan.nic.in** पर उपलब्ध है। ई-निविदा हेतु संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। - **महाप्रबंधक**

कारगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

सीमा सन्देश संवाददाता

पिलानी। बिरला बालिका विद्यापीठ, पिलानी ने शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर अपने वीर सैनिकों को याद करते हुए एक देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शिव गंगा के पास स्थित बी ई टी पिलानी इको पार्क की वीर भूमि स्थल पर ? विद्यालय प्राचार्या डॉ एम कस्तूरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

इस मौके पर विद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने 'ऑपरेशन विजय' की जीत के उपलक्ष्य में कारगिल के बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ एम कस्तूरी द्वारा शहीदों को पुष्प चक्कर भेंट कर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने परम वीर चक्र द्वारा सम्मानित शहीदों को याद किया। कैडेट्स ने कारगिल के योद्धाओं का परिचय देते हुए उनकी वीरता की कहानियाँ सुनाईं। साथ ही उन्होंने अपने भाषण और स्वरचित कविताओं के माध्यम से देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के बलिदान को याद किया। उन्होंने अपने भाषणों के माध्यम से शहीदों के प्रति गर्व और सम्मान की भावना प्रकट की और इस ऐतिहासिक दिन के महत्व को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्ड और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विद्यालय के बैंड ने शहीदों की याद में मनोहरी धुनों से सारे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

मुख्य अतथि डॉ. एम कस्तूरी ने कारगिल विजय दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को देश के प्रति संकल्पबद्ध, देशभक्त और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्राओं को अपने माता-पिता, बड़ों और शिक्षकों के प्रति प्यार और सम्मान की भावना रखने की भी प्रेरणा दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी उपस्थित जनों को देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा हेतु शपथ भी ग्रहण करवाई।

अष्टविनायक धाम में दो दिवसीय अमृतगंगा सुर संगम संगीत का महाकुंभ आज से

सीमा सन्देश संवाददाता

मुकुंदगढ़। मुकुंदगढ़-डूंडलोद रोड स्थित अष्टविनायक धाम में अमृतगंगा संगीत मंच की ओर से दो दिवसीय संगीत का महाकुंभ अमृतगंगा सुर संगम कार्यक्रम शनिवार से शुरू होगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। आयोजन समिति के गंगाबिशन शर्मा ने बताया कि शेखावाटी क्षेत्र में ऐसा भव्य संगीत कार्यक्रम पहली बार आयोजित होने जा रहा है।2 दिवसीय विशाल संगीत महोत्सव एवं कलाकारों का महाकुंभ कार्यक्रम में तानसेन की 17वीं पीढ़ी के वंशज डॉ रोशन भारती भी शिरकत करेंगे। इसके अलावा मुंबई फिल्म इंडस्ट्री के गायक सतीश देहरा, अंतर्राष्ट्रीय लोक गायक कलाकार गाजी खान एंड पार्टी बाड़मेर भी आएंगे। संगीत महाकुंभ में इनके अलावा संगीत जगत के अन्य 100 से ज्यादा कलाकार शामिल होंगे। जोधपुर हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश व रजिस्ट्रार युधिष्ठिर शर्मा व नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

MOTILAL OSWAL HOME LOANS

मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, परेल एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुम्बई-400 025, सीएसः 8291889898
वेबसाइट : www.motilaloswalhf.com, ई-मेल : hfquery@motilaloswal.com

डिमांड नोटिस

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002(''अधिनियम'') और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (''नियम'') के प्रावधानों के अधीन

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड(एमओएचएफएल)** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिनियम के अधीन तथा अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों की पालना में अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन डिमांड नोटिस जारी कर इन नोटिसों को प्राप्त करने की तिथि से **60 दिनों** के भीतर इन ऋणधारक(ों) को नोटिसों में उल्लेखित राशि का भुगतान करने के लिए आमंत्रित किया था। अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास यह विश्वास करने का कारण है कि ऋणधारक डिमांड नोटिसों को तामील करने से बच रहे हैं, इसलिए ये नोटिस नियमानुसार चस्पा और प्रकाशित कर तामील करवाए जा रहे हैं। डिमांड नोटिसों के तथ्यों का विवरण यहां नीचे दिया गया है :

क्र. सं.	ऋण अनुबंध संख्या/ ऋणधारक(ों)/सह-ऋणधारक(ों)/ सह आवेदककर्ता/ जमानतदार का नाम	डिमांड नोटिस की तिथि और बकाया राशि	अचल संपत्ति का विवरण
1	LXJAI00416-170045857/ LXMOHOF1121-220603937 / अशोक जाहर यादव/बाबूलाल अशोक यादव	12-07-2024/रु.803840/- (रुपये आठ लाख तीन हजार आठ सौ चालीस मात्र)	प्लॉट नंबर 98 99 शिव विनायक विहार तीसरा निमाड़ी की ढाणी वाटिका टोंक रोड जयपुर 0 0 302022 सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर राजस्थान
2	LXALW00417-180066246/ LXMOHOF221-220584765 / राजकरण पंजू राम / लक्ष्मी राजकरन	22-06-2024/रु.1375946/- (रुपये तेरह लाख पिचहत्तर हजार नौ सौ छियालीस मात्र)	खसरा नंबर 739 अधिमापन 756.26, ग्राम आलमदिका ग्राम पंचायत बाघेरी कलां तह किशनगढ़ बास अलवर अलवर राजस्थान 301001
3	LXBHI00418-190070975/ LXMOHOF721-220588455 / सत्यनारायण खेमराज गुर्जर/ कमला सत्यनारायण गुर्जर	12-07-2024/रु.624778/- (रुपये छह लाख चौबीस हजार सात सौ अठहत्तर मात्र)	पट्टा नंबर 08 ग्राम त्रेस्ठा जी.पी. सोनियाना जिला - चित्तौड़गढ़. 0 0 311001 अमरवासी भीलवाड़ा राजस्थान
4	LXBHI00417-180067790 / भगवान सिंह/शंभू सिंह	09-07-2024/रु.355171/- (रुपए तीन लाख पिचपन हजार एक सौ इकहत्तर मात्र)	पट्टा नंबर 39 गांव - बरदी सिंह जी का खेड़ा ग्राम पंचायत काशमोर जिला - चित्तौड़गढ़ 0 0 312201 राजस्थान
5	LXJOD00117-180051434/ पंकज डांगी/सुरेश कुमार	09-07-2024/रु.627736/- (रुपये छह लाख सत्ताईस हजार सात सौ छत्तीस मात्र)	पट्टा संख्या 10 ग्राम पंचायत आसोप पंचायत समिति भोपाल गढ़ जोधपुर 00 342901 जोधपुर राजस्थान
6	LXMORAJS722-230648736/ LXMORAJS722-230654992 /स्वर्गीय प्रभुलाल गुर्जर/ भंवरी गुर्जर/भवरी देवी पत्नी स्व. प्रभुलाल गुर्जर	03-07-2024/रु.538885/- (रुपये पांच लाख अड़तीस हजार आठ सौ पचासी मात्र)	पट्टा नंबर 34 गांव सेफटिया ग्राम पंचायत रचेती पंचायत समिति आमेट सेफतिया सेफतिया पारदिया आमेट राजसमंद राजस्थान 313331

ऋणधारक(ों) को यहां सलाह दी जाती है कि वे डिमांड नोटिस(ों) की पालना करें और इनमें तथा ऊपर उल्लेखित मांग का भुगतान इस प्रकाशन के 60 दिवस के भीतर वसूली की तिथि तक लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बोनस प्रभारों, लागत व खर्चे सहित अदा करें। ऋणधारक यह भी नोट कर सकते हैं कि **एमओएचएफएल** एक सुरक्षित लेनदार है और ऋणधारक(ों) द्वारा ली गई ऋण सुविधा उन अचल सम्पत्ति/सम्पत्तियों के विरुद्ध सुरक्षित बकाया है जिसे ऋणधारक(ों) द्वारा सुरक्षित आस्ति(यों) के रूप में बंधक रखा गया।

ऋणधारक दिये गये समय में अपनी देनदारी से पूर्णतः मुक्त होने में असफल होते हैं तो **एमओएचएफएल** अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षित आस्ति(यों) का कब्जा लेने की कार्यवाही करेगा, जो बकाया राशि की वसूली के लिए बिक्री के माध्यम से इनके हस्तांतरण या अधिनियम व नियमों में दी गई अन्य अतिरिक्त चाराजोई को प्रयोग करने तक ही सीमित नहीं होगी। **एमओएचएफएल** विक्रय या हस्तांतरण के अधिकार के प्रयोग से पहले सुरक्षित आस्तियों को **अटैच और/या सील** करने में भी सक्षम है। बंधक सम्पत्तियों के मूल्य से सुरक्षित लेनदार को देय बकाया राशि की पर्याप्त पूर्ति न होने के मामले में **एमओएचएफएल** के विक्रय की निरंतरता में सुरक्षित लेनदार शेष बकाया की वसूली के लिए अलग से विधिक कार्यवाही का अधिकार भी रखती है। यह चाराजोई अन्य किसी भी कानून में **एमओएचएफएल** को उपलब्ध अन्य सभी उपायों के अतिरिक्त व स्वतन्त्र होगी।

ऋणधारक(ों) को सावचेत किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13(8) के अनुसार उपलब्ध समय में वे सुरक्षित आस्तियों को मुक्त करवाने के लिए आमंत्रित हैं और आगे अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार ऋणधारक(ों) को **एमओएचएफएल** से पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित आस्तियों के निस्तारण या इनके साथ कोई सौदा करने या विक्रय, लीज या अन्य (सामान्य प्रक्रिया के अतिरिक्त किसी भी अन्य तरीके से) रास्ते से सुरक्षित आस्तियों के हस्तांतरण से रोका/प्रतिबंधित किया जाता है और उक्त की पालना न किया जाना उक्त अधिनियम की धारा 29 के अधीन दंडनीय अपराध होगा। डिमांड नोटिस की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध है और ऋणधारक यदि, इसकी आवश्यकता महसूस करें तो किसी भी कार्यदिवस पर सामान्य कार्य समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता से प्राप्त कर सकते हैं।

स्थान : राजस्थान
दिनांक: 27.07.2024
अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

हस्ता./
प्राधिकृत अधिकारी
(मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड)

जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में मनाया कारगिल विजय दिवस

सीमा सन्देश संवाददाता

चिड़ावा। अडूका स्थित जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में 25 वा कारगिल विजय दिवस मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय में देशभक्ति से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरपर्सन सांवरमल मील ने करी। विशिष्ट अतिथि भगवती मील, एवम् निदेशक रितेश मील के आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया प्रधानाचार्य राजेश वर्मा ने बताया कि कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में वीर शहीदों की शहादत को नमन करते हुए विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा एवम् शारीरिक शिक्षक सुरेन्द्र सिंह शेखावत के सहयोग से तिरंगा रैली निकाली गई ।

देश की रक्षा हेतु प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -IV-A अचल सम्पत्ति/यों की ई-नीलामी-सार्वजनिक बिक्री सूचना
प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन नियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना
पंजीकृत कार्यालय : नौवां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110 001 फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
शाखा कार्यालय: ए-10, प्रथम तल, भगत सिंह कॉलोनी, अलवर बाई पास, भिवाड़ी-301019, राजस्थान.

यहां जनसामान्य को एवं विशेष रूप से कॉलम नं.-ए में दिए गए ऋणधारक(ों) व जमानतदार(ों) को सूचित किया जाता है कि कॉलम नं. डी में वर्णित नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति(यां) सुरक्षित लेनदार के बंधक/प्रभार में हैं, का रचनात्मक/भौतिक कब्जा (कॉलम नं.-सी के अनुसार) **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड /सुरक्षित लेनदार** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार ''जैसा है जहां है, जो भी वहां है और वहां जो भी है के आधार पर'' विक्रय किया जाएगा।

यहां प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 अद्यतन तिथि को संशोधित के नियम 8(6) व 9 के अधीन ऋणधारक(ों)/बंधककर्ता(ओं)/विधिक वारिसों/विधिक प्रतिनिधि,(जो भी ज्ञात या अज्ञात), ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)(मृतक के बाद से) के निष्पादकों), प्रशासकों), उत्तराधिकारी(यों),संपत्ति-भागी(यों) मामले में कॉलम नं.-ए में दिखाए अनुसार को सूचित किया जाता है। विक्रय के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड सुरक्षित देनदार की वेबसाइट यथा **www.pnbhousing.com** में दिए लिंक पर जाएं।

ऋण संख्या ऋणधारक/सह-ऋणधारक/जमानतदार(ों)/विधिक उत्तराधिकारियों का नाम (ए)	मांग की राशि और दिनांक (बी)	कब्जे का प्रकार (सी)	बंधक सम्पत्तियों का विवरण (डी)	संरक्षित कीमत (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ)	बोली जमा कराने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि दर (एच)	निरीक्षण की तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि व समय (जे)	ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई, (के)
HOU/BHI/0617/395468 सोनू कुमार/ सिंधू देवी बी.ओ.:भिवाड़ी	14.12.2023 के अनुसार रुपये 19,20,289.64/-(रुपये उन्नीस लाख बीस हजार दो सौ नवासी व पैसे चौंसठ मात्र)	(भौतिक)	प्लॉट संख्या 481-भूतल, ओमेक्स ग्रीन मेडोस सिटी (पूर्व में ओमेक्स सिटी 2), गांव खजूरीबास, तहसील तिजारा, जिला अलवर, राजस्थान-301019 अधिमापन 733 स्क्वैयर फीट	रुपये 13,86,000/-	रुपये 1,38,600/-	12.08.2024	रुपये 10,000/-	02.08.2024 प्रातः 10.00 बजे से सायं 05:30 बजे के बीच	13.08.2024 दोपहर: 12.30 बजे से दोपहर 02:30 के बीच	*शून्य/ /ज्ञात नहीं
HOU/BHI/0517/389253 दिनेश नय्यर/ सुमन नय्यर बी.ओ.:भिवाड़ी	21.02.2022 के अनुसार रुपये 9,31,094.19/-(रुपये नौ लाख इकत्तीस हजार चौरानवे व पैसे उन्नीस मात्र)	(भौतिक)	टावर मेरी-गोल्ड, ओएमपीबी/द्वितीय/204, ओमेक्स पनोरमा सिटी होम्स- मेरीगोल्ड टावर, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान-301019. अधिमापन 410 स्क्वैयर फीट	रुपये 7,72,000/-	रुपये 77,200/-	12.08.2024	रुपये 10,000/-	02.08.2024 प्रातः 10.00 बजे से सायं 05:30 बजे के बीच	13.08.2024 दोपहर: 12.30 बजे से दोपहर 02:30 के बीच	*शून्य/ /ज्ञात नहीं

***इसके भुगतान और/या वसूली की